राष्ट्रीय हिंदी, साप्ताहिक खबरें

जनती की समस्या, हर पल टाइम्स की खबर

# HAR PAL TIMES
# हर पल टाइम्स

कार्यकारी संपादक : जमील जी. खान

RNI NO. MAHHIN/2011/24374

▸ वर्ष : १० ▸ अंक: ०१ ▸ मुंबई, शुक्रवार, ०४ सितम्बर से १० सितम्बर २०२० ▸ पृष्ठ: ४ ▸ मुल्य : २/- रु.

**मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, आंध्रप्रदेश, गुजरात, झारखंड, चेन्नई, कलकत्ता जानेवाला अखबार, (०७४९८५३५२८६ आपकी समस्या के लिए इस नंबर पर संपर्क करे)**

## सरकार कर सकती है नेताओं और उद्योगपतियों पर कार्रवाई

हमारी जानकारी के मुताबिक जिसके पास गैरकानूनी जगह होंगी या संस्था बनाकर खुद उसको इस्तेमाल करके पैसे कमाएं जा रहे है। और इलीगल लैंड का कब्जा किया गया और गलत कानूनी पेपर तैयार किए गए उस पर सरकार सक्त कानूनी कार्रवाई करेगी। अगर इसमें किसी पार्टी के भी एमएलए या नगर सेवक को या नेता हो किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। गर्व्हमेंट के ऑथोर-इटस और लिस्ट वाले पेपरोंसे भी जानकारी ली जा सकती है। २५-३० साल तक के प्रॉपर्टी जप्त कि जाएगी।

## हिंदुस्थान की नजता इलेक्ट्रोनिक मिडीया और प्रिंट मिडीया से दूर क्यु जा रही है?


Har pal tv news.cmw.cin. chief news Editor.Jameel g khan.Mumbai India.

हर पल टाइम्स की खास रिर्पोट हिंदुस्तान की जनता मिडीया से दूर क्यु जा रही है

१) इलेक्ट्रोनिक मिडीया के ८ से १० चैनल २ से ३ न्यूज को लेकर २४ घंटे जनता को बोर करने का काम कर रहें। और जनता की तकलीफों के नहीं बताते है। ऐसा लग रहा है सिर्फ दबाव में काम किया जा रहा है। कई चैनलों पर कानूनी कार्रवाई भी हो चुंकी है। और जल्दी बंद हो सकते हैं चैंनल। कुछ बड़े पेपर भी इसमें शामिल है। जिन चैनलों ने सब की समस्याओं को बताया या पेपर में ड़ाला वो कामयाब होंगे। और जनता की नजर में इनकी इज्जत भी हो रही हैं। कई पेपर और चैनलों ने जनताकी समस्यों को सरकार तक पहुंचाया है। अफसोस की सरकारों ने इसपर कोई सुनवाई नहीं कि। ये कोई कहानी नहीं हकीकत है।

२) खास न्यूज यह है कि हिंदुस्तान की हर बड़ी बड़ी सुविधाएं और प्रॉपर्टी को बड़े उद्योग पती को बेच देंगे तो आम जनता क्या करेंगी?

१) क्राईम बड़ेगा, २) बेरोजगार हो जाएगे लोग, ३) हॉस्पीटल, ट्रेन, एयरप्लेन, बसेस, पेट्रोलपंप, और किसानों की फसले ये सब बेचने की कोशिश कर रही है केंद्र सरकार।

३) हर पल टाइम्स और हर पल टिवी टिम्स केंद्र में चल रही सरकार से और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से गुजारीश करती है की लोकल ट्रेन और मेट्रो जल्द से जल्द शुरु करने की कृपा करें ताकी आम जनता को रोजगारी के रास्ते मिल सकेंगे।

## चबूतरे से गायब की आंबेडकर प्रतिमा, लोग उग्र, हंगामा, पट्टे की विवादित भूमि पर हुई थी स्थापना



**जौनपुर,**

जौनपुर जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के मिश्रमऊ गांव में स्थापित आंबेडकर की प्रतिमा को चबूतरे से उखाड़कर गायब कर देने से गुरुवार को गांव में तनाव फैल गया। शरारती तत्वों की करतूत से लोग उग्र हो गए। गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए लोगों ने प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों का विरोध झेलना पड़ा। बाद में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया। तहरीर के आधार पर केस दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। तनाव के मद्देनजर गांव में फोर्स लगाई गई है। मिश्रमऊ गांव में कुछ लोगों के बीच पट्टे की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। करीब तीन माह पहले विवादित भूमि पर एक पक्ष ने डा. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। बगल में क्रीड़ास्थल भी बनवा दिया। इसके बाद से विवाद और बढ़ गया। इसी बीच बुधवार की रात किसी ने प्रतिमा को चबूतरे से उखाड़कर गायब कर दिया। सुबह प्रतिमा गायब देख लोगों में रोष फैल गया। कुछ ही देर में वहां भीड़ जुट गई। इसे भूमि विवाद से जोड़ते हुए दूसरे पक्ष के लोगों पर प्रतिमा तोड़कर गायब करने का आरोप लगाया। उग्र ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन के प्रति भी नाराजगी जताई। तनाव बढ़ने की सूचना पर एसडीएम मछलीशहर अमिताभ यादव, सीओ बदलापुर राणा महेंद्र प्रताप सिंह, सुजानगंज और मुंगराबादशाहपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की पुलिस से नोक-झोंक भी हुई। एसपी राम बदन सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच, शहर कोतवाली, सुरियावां पुलिस समेत चार टीमें लगाई गई हैं। दावा किया कि प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपितों को दबोच लिया जाएगा। एसपी ने बताया कि शव की हालत देखने से लग रहा है कि हत्या के बाद पहचान छिपाने के लिए शव जलाया गया है। दुराचार के बाबात उन्होंने पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कही। उधर, प्रभारी कोतवाल सीके पुरी ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पीएम को भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मुकदमे में धाराएं बढ़ा दी जाएंगी। (शेष पेज २ पर)


## प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में गड़बड़ी की जांच एसआईटी को




**लखनऊ ,**

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। इसमें 11वीं ,(2007-2012) और 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के दोनों किस्तों की धनराशि प्राप्त करने के बावजूद कार्य पूर्ण नहीं किया गया।उसमें शिथिलता, सरकारी धन का दुरुपयोग करने वाले अधिकारियों, अभियंताओं को चिन्हित कर परियोजना का कार्य पूर्ण कराने में आने वाले अतिरिक्त व्यय की धनराशि की वसूली उनके वेतन से करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जो कार्य पूरे नहीं किए गए, उसमें वर्क टू बी डन का आकलन करने के लिए शासन स्तर से सत्यापन समितियों का गठन जल्द किया जाएगा। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत ऐसे निमार्णाधीन कार्य जिनमें (शेष पेज २ पर)

## चीन को सबक सिखाने के लिए जम्मू-कश्मीर के महमूद ने बनाया डोडो ड्रॉप



**जम्मू ,**

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार की ओर से चीन के चुनिंदा एप पर प्रतिबंध लगाने के बाद 17 साल के अशफाक महमूद चौधरी ने डोडो ड्रॉप नाम का एंड्रायड फाइल शेयरिंग एप विकसित किया है। इसकी मदद से इंटरनेट के बगैर ही ऑडियो और वीडियो शेयर किए जा सकते हैं। विज्ञान वर्ग के बारहवीं कक्षा के छात्र अशफाक ने बताया कि सरकार ने चीन के जिन एप पर प्रतिबंध लगाया था, उसमें शेयर इट नाम का एप भी शामिल था। ये एप युवाओं में खासा लोकप्रिय था। इसकी मदद से इंटरनेट के बगैर ही डाटा, फोटो और अन्य फाइलें दूसरे मोबाइल में भेज सकते थे। इस फैसले से युवाओं को झटका लगा। इस फैसले का विकल्प तलाशना जरूरी था। अशफाक ने कहा, मैंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्येय वाक्य आपदा में अवसर को प्रेरणा के रूप में लेते हुए स्वयं एप बनाने का फैसला किया। लाकडाउन के कारण स्कूल बंद चल रहे हैं। मैंने चार सप्ताह में इसे विकसित कर लिया। अशफाक के पिता परवेज (शेष पेज २ पर)

# खाप पंचायत का शर्मनाक फैसला, सजा के नाम पर महिला को निर्वस्त्र कर भीड़ के सामने नहलाया

**जयपुर,**

राजस्थान के सीकर जिले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां खाप पंचायत के आदेश के बाद नेछ्वा ग्राम पंचायत के सोला गांव में एक युवक-युवती के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। पंचायत ने दोनों के कपड़े उतरवाए और उन्हें पंचायत में शामिल करीब 400 लोगों के सामने नहलाया गया। खाप पंचायत की इस शर्मनाक सजा को लोग देखते रहे, लेकिन किसी ने भी इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी। युवक और पीड़ित महिला का रिश्ता चाची-भतीजे का है।



सांसी समाज के प्रतिनिधियों ने इस मामले में खाप पंचायत से जुड़े 8-10 पंचों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। थानाधिकारी रामावतार ने बताया कि झुंझुनूं निवासी सवाई सिंह की ओर से इस बारे में मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अनुसार एक विवाहिता की फोटो जेठ के लड़के के मोबाइल में पाए जाने के बाद इसे कथित तौर पर वायरल किए जाने के मामले में खाप पंचायत ने दोनों पक्षों पर 11-11 हजार रुपये का जुमार्ना लगा दिया और विवाहिता को कथित रूप से प्रताड़ित किया गया।

उन्होंने बताया कि परिवादी ने इस बारे में मंगलवार को समाज की पंचायत में शामिल 8-10 लोगों के खिलाफ जुमार्ना लगाने तथा विवाहिता को कथित रूप से प्रताड़ित करने का एक मामला दर्ज कराया है।

थानाधिकारी ने बताया कि नामजद लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 143, 354, 384 और 509 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि महिला के 164 के तहत बयान दर्ज कर लिए गए हैं। इस संबंध में नामजद लोगों से पूछताछ की जा रही है।

सांसी समुदाय के प्रतिनिधि सवाई सिंह ने बताया कि ह्यहमने मांग की है कि 8-10 पंचों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हमने यह भी मांग की है कि कोविड-19 के बीच एक बड़ी भीड़ को इकट्ठा करने के लिए एक अलग प्राथमिकी दर्ज की जाए। यदि अवैध संबंध हैं, तो दोनों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।

वहीं, लक्ष्मणगढ़ के डीएसपी ने बताया कि ह्यशिकायत दर्ज कर ली गई है। एफआईआर संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की गई है। फिलहाल जांच चल रही है। एसएचओ खुद मामले की जांच कर रहे हैं। नामजद किए गए सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी।

# ब्लैकमेल कर 7 माह तक युवती से दुष्कर्म, दो साल बाद आरोपी गिरफ्तार



**चंडीगढ़।**

आईएएस की तैयारी कर रही दिल्ली निवासी युवती से मोहाली के युवक ने करीब सात महीने तक दुष्कर्म किया। दो साल पुराने मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने सेना से सेवानिवृत्त आरोपी सरबजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी युवती की अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। दिल्ली में दर्ज हुई जीरो एफआईआर पर चंडीगढ़ सेक्टर 17 पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को दी शिकायत में 27 वर्षीय युवती ने बताया था कि आईएएस की तैयारी कर रही है। जनवरी 2018 में चंडीगढ़ में रहते हुए फेसबुक के जरिए सरबजीत से दोस्ती हो गई। सरबजीत ने बताया कि वह मोहाली में रहता है। दोस्ती के बाद दोनों आपस में बातें करने लगे। युवती ने बताया कि उसे कुछ रुपयों की जरूरत थी। उसने सरबजीत से मदद मांगी तो सरबजीत ने उसे सेक्टर-17 स्थित बस स्टैंड पर बुलाया। यहां सरबजीत ने कहा कि अगर पैसों की जरूरत है तो उसे होटल में चलना होगा। दोनों एक ऑटो से सेक्टर-17 के ही एक होटल में गए, जहां सरबजीत ने उसे एक नशीली ड्रिंक पिलाई। आरोप है कि इस दौरान सरबजीत ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह उसे धमकाने लगा कि अगर वह उसके पास नहीं आई, तो वह अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। बदनामी के डर से सरबजीत के कहने पर पीड़िता मार्च 2018 में मनीमाजरा गई, जहां उसने फिर उसे एक होटल में बुलाया और वहां सरबजीत व उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया। वह उसे लगातार धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा।

जुलाई 2018 में उसके कहने पर अमृतसर गई, जहां उसने फिर दुष्कर्म किया। बाद में पीड़िता ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया। अब सरबजीत पीड़िता का नंबर मांग रहा है और धमकियां दे रहा है कि अगर नंबर नहीं देगी तो वह उसकी फोटो वायरल कर देगा। परेशान होकर पीड़िता ने 20 अगस्त को दिल्ली पुलिस से शिकायत की। इसके बाद आरोपी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस चंडीगढ़ पुलिस को ट्रांसफर किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सेना से सेवानिवृत्त हो चुका है।

# बिजली विभाग की गलती से बच्चे ने हाथ-पैर गंवाए, हाईकोर्ट ने कहा- बेहतरीन तकनीक वाले कृत्रिम अंग दिलाएं

**हरियाणा ,**

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार को आदेश दिए हैं कि वह बिजली विभाग की लापरवाही के चलते हाईटेंशन तार के करंट से हाथ- पैर गंवाने वाले मासूम रमन को सबसे अच्छी तकनीक वाले कृत्रिम अंग मुहैया कराए। पानीपत निवासी रमन 3 नवंबर 2011 को हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया था। इस हादसे



में उसने दोनों हाथ और पैर खो दिए। इसके बाद परिजनों ने मुआवजे व अलग-अलग राहत की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। न्यायालय ने 2013 में याचिका का निपटारा करते हुए हरियाणा सरकार को पीड़ित का इलाज सुनिश्चित करने, उसे आर्थिक सहायता देने तथा कृत्रिम अंगों की व्यवस्था करने के आदेश दिए थे। इस आदेश को उच्चतम न्यायालय तक चुनौती दी गई, लेकिन आदेश में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष की ओर से एक अर्जी दाखिल की गई थी जिस पर लंबे समय से सुनवाई हो रही है। वीरवार को सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक को हड्डी रोग विशेषज्ञों की एक टीम बनाने के आदेश दिए हैं । उच्च न्यायालय ने कहा कि वर्तमान में कोरोना का भय बना हुआ है। ऐसे में यह विशेषज्ञ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर सबसे अच्छी तकनीक वाले कृत्रिम अंगों पर फैसला लें।

बाकी पेज १ का

## चबूतरे से गायब की आंबेडकर प्रतिमा...

**महिलाओं ने रोका शव वाहन का रास्ता**

भदोही। करीब ढाई घंटे की मशक्कत, विरोध के बाद एसपी के समझाने पर ग्रामीण माने। उसके बाद पुलिस ने ढाई बजे शव को कब्जे में लिया। वाहन में लादकर कुछ ही दूर बढ़े थे कि मृतका के घर के पास महिलाओं ने रास्ता रोक दिया। वे डॉग स्क्वायड मौके पर बुलाने की मांग कर रही थी। आधे घंटे के बाद डॉग स्क्वायड पहुंचा, उसके बाद पुलिस शव को कोतवाली लाई। इस दौरान महिलाएं ईंट कारोबारी समेत चार लोगों को घटना के लिए जिम्मेदार ठहरा रही थीं।

**आरोपियों को बचाने का पुलिस पर लगाया आरोप**

शव मिलने के बाद आक्राशित लोगों ने भदोही-जौनपुर मार्ग पर करीब ढाई घंटे तक जाम लगाया। एसपी के सामने ही नारेबाजी करने लगे। खदेड़ने पर उन्होंने भदोही-जौनपुर मार्ग (दुद्धी-लुंबिनी मार्ग) को करीब ढाई घंटे तक जाम कर दिया। जिससे आवागमन बाधित रहा। परिजनों को आरोप है कि किशोरी के गायब होने के कुछ ही घंटों बाद परिजनों ने धौरहरा चौकी पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। छोटी बहन की निशानदेही पर दो आरोपितों को हिरासत में लिया भी गया था। जिन्हें बाद में पुलिस ने छोड़ दिया।

**चार लोगों पर पर लगाए आरोप लेकिन नहीं हुई कार्रवाई**

मंगलवार दोपहर में ग्रामीणों ने चौकी के पास सड़क जाम कर पुलिस पर मामले की लीपापोती व आरोपितों को बचाने का आरोप लगाया था। किशोरी के पिता ने चार लोगों का नाम पुलिस को दिया था, जिसमें एक ईंट भट्ठा संचालक, गांव निवासी एक युवक, पड़ोसी गांव निवासी एक अधेड़ भी शामिल है लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शव मिलने के बाद परिजनों ने चारों लोगों पर रेप करने और बेटी को जलाने को फिर आरोप लगाया है। परिजनों के आरोप के बाद एसपी ने पुलिस की भूमिका की भी जांच कराने की बात ग्रामीणों से कही।

**पिता बेसुध, मां व बहन अचेत**

भदोही। उक्त गांव निवासी 10वीं के छात्रा के पिता कालीन मजदूरी कर किसी तरह बच्चों की परिवरिश करते हैं। बेटी की निर्मम हत्या के बाद बुधवार को शव मिलने के बाद वे बेसुध दिखे। मां व मवेशी चराने साथ गई छोटी बहन रोते-रोते वरुणा नदी किनारे अचेत हो गई। मृत छात्रा पांच बहनों में चौथे नंबर पर थी। जबकि तीन भाईयों में सबसे छोटी।

**शव मिलने वाले स्थान पर ही मंडराता रहा कुत्ता**

ग्रामीण व परिजन डॉग स्क्वायड बुलाने की जिद पर अड़े थे। करीब साढ़े तीन बजे वाहन से टीम पहुंचे। मृतका के घर, खेत में जाने के बाद कुत्ते को छोड़ा गया। इधर-उधर घूमने के बाद वह जहां शव मिला था, वहीं पर जाकर रुका गया। ऐसे में टीम के हाथ कोई सुराग नहीं लगे। बता दें कि शव मिलने के बाद नदी किनारे हजारों की तादात में ग्रामीण पहुंच गए थे।

## प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम...

निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि जारी की जा चुकी है, उन परियोजनाओं में प्रथम द्दष्टया गंभीर अनियमितताएं प्रकाश में आई हैं। ऐसी सभी परियोजनाओं के कार्यों की जांच एसआईटी से कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। नंदी ने यह भी कहा कि निर्माण कार्य का पर्यवेक्षण मंडल स्तर और शासन व निदेशालय स्तर के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से किया जाए।

**नन्दी ने पूर्व सरकारों पर निशाना साधा**

कोविड-19 के द्दष्टिगत अल्पसंख्यक बाहुल्य पिछड़े क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाओं के नवीन प्रस्ताव प्राप्त किये जायें जिनसे समाज के गरीब तबकों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिले। नन्दी ने पूर्व सरकारों पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री रहे आजम खां की सरपरस्ती में ही इस प्रकार की धांधली हुई।विभाग में लूट-खसोट, मानकों का उल्लंघन, अनियमितता और भ्रष्टाचार चरम पर था जोकि आजम खां की शह पर होता रहा। इसलिए पूरे प्रकरण की जांच एसआईटी को सौंपी गई है और दोषियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।

## चीन को सबक सिखाने के लिए...

अहमद चौधरी ने बताया कि उनका बेटा कुछ प्रोजेक्ट पर काम कर आय अर्जित करता है। शेयर इट की तुलना में नया एप काफी हल्का है। मोबाइल में यह केवल 11 एमबी की जगह लेता है। इसकी फाइल ट्रांसफर करने की गति भी काफी तेज है। यह 480 एमबीपीएस की गति से फाइल ट्रांसफर करता है और इसे प्रयोग करना आसान है। इसे प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

सूचना प्रौद्योगिकी के जानकारों के अनुसार इस एप से फाइलों को कंप्यूटर से फोन और फोन से कंप्यूटर में भी ट्रांसफर किया जा सकता है। शेयर इट एप केवल फोन से फोन में ही फाइल भेज सकता था। अशफाक महमूद चौधरी ने कहा कि एप को विकसित कर मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की कोशिश की है। अब मैं देश के लिए वैश्विक मानक एप्लीकेशन विकसित करना चाहता हूं।

## संपादकीय

# कैसे काबू हो कोरोना

**कोरोना** से निपटना तो दूर, उससे बचाव को लेकर भी कोई फूलप्रूफ प्रक्रिया हम नहीं अपना पा रहे। इसके जो दो तरह के टेस्ट प्रचलित हैं- रैपिड एंटिजन और आरटी-पीसीआर, उनमें आरटी-पीसीआर को ही भरोसेमंद माना जाता है। ब्लड सैंपल लेकर किए जाने वाले रैपिड एंटिजन टेस्ट की रिपोर्ट जल्दी आ जाती है और यह टेस्ट कम खर्चीला होता है। देश में कोरोना के तेज फैलाव के बीच शुरू हुआ संसद का मानसून सत्र इस वायरस के कहर की मिसाल बन गया। सत्र शुरू होने से पहले करवाए गए कोरोना टेस्ट में 25 सांसद पॉजिटिव पाए गए। दिलचस्प मामला राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल का है जो संसद भवन में हुए टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद घर लौट गए। राजस्थान पहुंचकर उन्होंने जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में फिर से जांच करवाई तो वहां उन्हें नेगेटिव बताया गया। उन्होंने दोनों रिपोर्टों की कॉपी ट्वीट करते हुए पूछा है कि किसे सही माना जाए। सोमवार को ही दिल्ली विधानसभा का भी एकदिवसीय सत्र हुआ। उसके लिए करवाए गए टेस्ट में चार एमएलए पॉजिटिव पाए गए। लेकिन वहां की खास बात यह रही कि दो ऐसे विधायक रहे जो एंटिजन टेस्ट में नेगेटिव बताए जाने के बाद विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए लेकिन शाम को उनके आरटी-पीसीआर टेस्ट का रिजल्ट आया तो वे पॉजिटिव थे। उसके बाद दोनों विधायक सदन से चले गए, लेकिन दिन भर तो वे कोरोना नेगेटिव विधायक की तरह सभी गतिविधियों में शामिल रहे। इन स्थितियों ने एक बार फिर देश का ध्यान इस बात की तरफ ध्यान खींचा है कि कोरोना से निपटना तो दूर, उससे बचाव को लेकर भी कोई फूलप्रूफ प्रक्रिया हम नहीं अपना पा रहे। इसके जो दो तरह के टेस्ट प्रचलित हैं- रैपिड एंटिजन और आरटी-पीसीआर, उनमें आरटी-पीसीआर को ही भरोसेमंद माना जाता है। ब्लड सैंपल लेकर किए जाने वाले रैपिड एंटिजन टेस्ट की रिपोर्ट जल्दी आ जाती है और यह टेस्ट कम खर्चीला होता है। लेकिन इसकी रिपोर्ट की प्रामाणिकता 50 फीसदी ही बताई जाती है। आरटी-पीसीआर टेस्ट जिसमें नाक और गले से स्वैब के नमूने लिए जाते हैं, प्रामाणिक तो माना जाता है लेकिन लैब, टेक्नीशंस और मशीनों से जुड़ी सीमाओं के चलते हमारे यहां इसकी संख्या एक सीमा से ज्यादा नहीं बढ़ाई जा सकती। इसका महंगा होना अलग समस्या है। एक टेस्ट पर करीब 4500 रुपये का खर्च आता है। शायद इसीलिए अपने देश में बड़े पैमाने पर टेस्ट करने के जो दावे विभिन्न राज्य सरकारों की ओर से आ रहे हैं, वे एंटिजन टेस्ट के ही हैं। ऐसे में लगभग छह करोड़ टेस्ट के बावजूद अगर महामारी नियंत्रित होती नहीं नजर आ रही तो खास आश्चर्य की बात नहीं है। हालांकि महामारी के बेरोकटोक बढ़ने की खबरें सिर्फ अपने देश से नहीं आ रहीं। कई यूरोपीय देशों में इसकी दूसरी लहर चल पड़ने का खौफ दिखाई दे रहा है। इजरायल में एक बार लॉकडाउन हटा लिए जाने के बाद फिर कम से कम तीन सप्ताह के लिए इसे लागू करने का फैसला किया गया है। बहरहाल, अभी पूरी दुनिया में कोरोना का सबसे भयावह रूप हमारे यहां देखा जा रहा है और रोजाना संसार के एक तिहाई मरीज भारत में ही दर्ज किए जा रहे हैं। 50 लाख से ऊपर कुल संक्रमण और 90 हजार प्रतिदिन नए संक्रमितों के आंकड़े हमें इस मोर्चे पर किसी भी तरह की ढिलाई की इजाजत नहीं दे रहे।

# स्वास्थ्य विभाग 'अंधा', झोलाछाप कर रहे मौत का धंधा,आखिर कब गिरेगी इनपर प्रसाशनिक गाज

**भदोही:**

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते झोलाछाप लोगों को स्वस्थ करने के बजाय उनको मौत के मुंह में ढकेल रहे हैं। इस तरह की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं,शहर के बाहरी इलाकों और देहात में झोलाछापों ने खुद को डॉक्टर घोषित कर रखा है। इनमें से कुछ बिना डिग्री के डॉक्टर हैं तो कुछ अवैध डिग्रियों वाले। यह कथित डॉक्टर हर मर्ज के इलाज की गारंटी लेते हैं और जब केस बिगड़ जाता है तो फिर हाथ खड़े कर देते हैं। कुछ मरीज इन झोलाछापों के इलाज से मौत के मुंह में समा चुके हैं तो कुछ की हालत बिगड़ चुकी है। कई बार जमकर हंगामा भी हुआ है। इन झोलाछापों पर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते अंकुश नहीं लग पा रहा। भदोही जनपद में भी अलग अलग क्षेत्र जैसे ज्ञानपुर,सुरियावां,भदोही, जंगीगंज,कोनिया क्षेत्र, दानुपुर, दुलहीपुर, पलवारपुर, मोढ, दुगार्गंज, औराई, गोपीगंज के साथ साथ ऐसे कई बड़े व छोटे क्षेत्रो में छोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला है,जो बिना किसी डिग्री के भी अपने आपको बड़े डॉक्टरों की तुलना कराते है झोलाछापों के खिलाफ सख्त नियम कानून हैं। यदि कोई अप्रशिक्षित और अपराधिक व्यक्ति किसी मरीज का इलाज करे तो उसके खिलाफ धोखाधड़ी की



धारा 419, 420 के अलावा इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट की धारा 15(3) के तहत कड़े दंड का प्रावधान है। इस एक्ट में दो साल तक की सजा हो सकती है। इसके अलावा यदि उसकी डिग्री फर्जी हैं तो उसके खिलाफ धारा 468, 471 के तहत भी कार्रवाई का प्रावधान है इसके विपरीत स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछापों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाता। शासन के आदेश हैं कि समय-समय पर निरीक्षण कर यह देखा जाए कि कोई झोलाछाप प्रेक्टिस तो नहीं कर रहा लेकिन यहां कार्रवाई केवल नोटिस तक सीमित रहती है। शिकायत मिलने पर उसे नोटिस जरूर दिया जाता है।यह झोलाछाप महज उल्टी-दस्त, बुखार का ही इलाज नहीं करते, बल्कि गुपचुप तरीके से अपने बड़े-बडे. नर्सिंग होम तक खोल रखे हैं। वहां ऑपरेशन तक की व्यवस्था हो जाती है। डिलीवरी से लेकर सर्जरी तक झोलाछापों के नर्सिंगहोम में हो जाती है। यही नहीं कुछ झोलाछाप और ज्यादा शातिर दिमाग से काम कर रहे हैं। झोलाछाप ने अपने क्लीनिकों व नर्सिंगहोम के बाहर डिग्रीधारक डॉक्टरों के बोर्ड लगवा रखे हैं।

यह डिग्रीधारक डॉक्टर तो वहां आते नहीं है। ऐसे में नर्सिंगहोम का पूरा काम यही झोलाछाप करते हैं। इन नर्सिंगहोम पर स्वास्थ्य अधिकारी भी नहीं जाते।काफी झोलाछाप तो ऐसे हैं, जिन्होंने खुद को बंगाली डॉक्टर, जर्राह, वैद्य, हकीम व अन्य डिग्री धारक घोषित कर रखा है। स्वास्थ्य विभाग कभी इनकी डिग्रियों का गहनता से परीक्षण नहीं करता। दूर-दूर के राज्यों की फर्जी डिग्रियों से यह झोलाछाप डॉक्टर बन गए हैं। यही नहीं कई बार तो शहर के कुछ नामी गिरामी हॉस्पिटल में कुछ डॉक्टरों की डिग्रियों पर सवाल खड़े हुए हैं। वैसे भी स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के आपसी तालमेल के अभाव में इन झोलाछापों के खिलाफ छापेमारी नहीं हो पाती। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बिना फोर्स के छापेमारी करने जाने में हिचकते हैं।हालांकि इस मामले स्वास्थ्य विभाग से बात की गई तो उन्होंने भी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# जिला पंचायत सदस्य निकला अवैध शराब कारोबार का सरगना

**प्रतापगढ़**

अमेठी पुलिस ने अवैध शराब कारोबारी की तलाश में घर पर दी दबिश । शराब कारोबारी भीम सेन सिंह उर्फ राजू फरार हो गया। कल अमेठी पुलिस ने 19 लाख की अवैध शराब और शराब बनाने का उपकरण बरामद करने का खुलासा किया था । 2017 प्रतापगढ़ के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम ने खुद जिला पंचायत सदस्य के घर से अवैध शराब की फैक्ट्री पकड़ी थी। बाद में दूसरे कप्तान संतोष सिंह के समय प्रतापगढ़ पुलिस की मिलीभगत से विवेचना में 82 की कार्यवाही के बाद शराब माफिया को क्लीनचिट मिल गयी थी । सड़वा चंद्रिका तृतीय से जिला पंचायत सदस्य भीमसेन उर्फ राजू शराब माफिया शराब माफिया हैं। जिला पंचायत सदस्य के विरुद्ध अमेठी पुलिस ने केस दर्ज कर बताया कि ये अवैध शराब का सरगना है।राजनीतिक रसूक के चलते आज तक शराब माफिया की गिरफ्तारी नही हुई । इलाके के विधायक के बेहद करीबी अवैध शराब कारोबारी है।

# कच्चा मकान हुआ धराशाई खुले में रहने को मजबूर पूरा परिवार

**प्रतापगढ़**

बारिश के चलते मकान धराशाई खुले में रहने को मजबूर पूरा परिवार ।बता दें कि कालाकाकर विकास क्षेत्र के मिश्रपुर गांव के रहने वाले शिव प्रसाद मिश्र का मकान शुक्रवार की देर शाम अचानक भरभरा कर गिर गया। शुक्र है कि पहले मकान का एक कोना गिरा जिसकी आवाज पर पूरा परिवार घर से भागकर बाहर निकल आया देखते ही देखते पूरा मकान गिर कर समतल हो गया। जिससे शिव प्रसाद की पूरी गृहस्थी उसी में दब गया ।जिससे पूरा परिवार रोड पर आ गया है ।अब देखने वाली बात जाएगी शिवप्रसाद की मदद के लिए कोई जनप्रतिनिधि आगे आता है या नहीं ।फिलहाल शिवप्रसाद का पूरा परिवार खुले में रहने को मजबूर है। अभी तक शासन प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी या फिर जनप्रतिनिधि का कोई व्यक्ति उसे देखने तक नहीं पहुंचा।खुले आसमान के नीचे परिवार रहता है।

# शादी का झांसा देकर 3 वर्ष तक करता रहा दुष्कर्म

**प्रतापगढ़**

ब्लाक बाबागंज के चौरंग प्रधान अरविंद पटेल साथी प्रधान के लिये लड़की की इज्जत की कीमत लगाई 50 हजार लगाया है । तिरछा प्रधान सुधीर पटेल के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है । शादीशुदा होने के बाद तिरछा प्रधान सुधीर पटेल ने एक महिला को अपने प्रेम के जाल में 3 वर्ष से फंसा कर उसका शारीरिक मानसिक हर प्रकार से शोषण करता रहा। पूर्व में भी महिला की शिकायत पर महेशगंज थाने से समझौता कराकर वापस आ गए थे। ग्राम प्रधान तीन बार महिला का गर्भपात भी करवा चुके हैं। तिरछा प्रधान के बचाव में उतरे चौरंग प्रधान ने महिला की आबरू कीमत लगाई 50000 लगाया है। महिला को पैसा देकर समझौते का प्रयास किया, लेकिन महिला ने पैसा लेने से इनकार किया और कहा मुझे न्याय चाहिए पैसे से समझौता नहीं करूंगी । न्याय के लिए दर-दर भटक रही महिला चौरंग प्रधान व तिरछा प्रधान पीड़ित महिला पर अपना दबाव बना रहे हैं। महिला ने अपनी जान को खतरा प्रधान से बताया है।

# प्रशासन के मिलीभगत से घरेलू गैस का हो रहा कामर्शियल उपयोग

**भदोही :** सरकार द्वारा बेशक रसोई गैस के प्रयोग के लिए नए नियम निर्धारित कर सिलेंडरों की सख्यां सीमित कर दी गई हो, इसके बावजूद भी घरेलू गैस की कम आपूर्ति व कालाबाजारी के कारण लोगों को गैस मिलने में परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी ओर घरेलू गैस का व्यावसायिक रूप में धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। वैवाहिक सीजन होने के कारण भी घरेलू गैस की किल्लत बढ़ जाती है। शादियों के सीजन में कालाबाजारी भी बढ़ा दी है, क्योंकि शादियों के कारण लोग गैस हासिल करने के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग नहीं रुक पा रहा है। सर्दी व बरसात के मौसम में एक तरफ रसोई गैस का खर्च बढ़ जाता है, वहीं विवाह-शादियों के कारण इसकी तंगी भी पैदा हो जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को रसोई गैस समय पर नहीं मिल पाती है और गैस की कालाबाजारी में जुटे लोग इस कमी का फायदा उठाने लगते हैं। काला धन कमाने में जुट जाते हैं। आजकल उपभोक्ताओं को रसोई गैस लेने के लिए उज्ज्वला योजना के माध्यम से काफी राहत मिल रही है,भदोही जनपद के ज्यादातर इलाको के होटलों व ढाबों में घरेलू गैस के प्रयोग के कारण ही लोगों को अपने घरों के लिए गैस सिलेंडर मुश्किल से मिल पा रहे है, क्योंकि बड़ी मात्रा में कुकिंग गैस ऐसे ठिकानों पर खर्च हो जाती है, लेकिन इस स्थिति के बाद भी घरेलू गैस का दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# हेरोइन की तस्करी करने वाली महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा की नारकोटिक्स सेल ने हेरोइन की सप्लाई करने वाली एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। महिला ने हेरोइन सप्लाई करने के लिए अपना नेटवर्क बना रखा था। महिला के कब्जे से 200 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी संध्या के परिवार के ज्यादातर सदस्य शराब की तस्करी करते हैं। अपराध शाखा डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार सेल में तैनात इंस्पेक्टर राममनोहर को सूचना मिली थी कि मादीपुर निवासी संध्या मादीपुर व मंगोलपुरी एरिया में हेरोइन सप्लाई करती है और निहाल विहार आएगी। इंस्पेक्टर की देखरेख में एसआई रवि सैनी, एसआई श्यामसरन व सिपाही सुमित ने घेराबंदी कर संध्या (33) को पकड़ लिया। संध्या के माता-पिता शराब की तस्करी करते हैं। उसकी माता के खिलाफ काफी केस दर्ज हैं। उसकी चार बहनों में से दो के खिलाफ शराब तस्करी के केस दर्ज हैं। संध्या का पति भी शराब की तस्करी करता है और उसके खिलाफ तीन केस दर्ज हैं। जानमारी के अनुसार संध्या के मोहल्ले का सनी नाम का युवक हेरोइन की सप्लाई करता था। उसकी लाइफस्टाइल देखकर वह भी उसके साथ हेरोइन की सप्लाई करने लगी। सनी के खिलाफ एक्साइज एक्ट, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास व लूटपाट आदि के 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। कुछ महीने पहले सनी को कापसहेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से संध्या की कार मिली थी। संध्या अपनी स्कूटी से खुद हेरोइन की सप्लाई करती थी।

## छह साल के बच्चे के साथ कुकर्म करने वाले को दस साल कैद की सजा

**गोपेश्वर(चमोली)** चमोली जिला एवं विशेष सत्र न्यायाधीश राजेंद्र सिंह चौहान की अदालत ने छह वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने वाले आरोपी को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही चालीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड जमा न करने पर एक साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मामला कोतवाली चमोली के अंतर्गत घाट क्षेत्र का है। चार जुलाई वर्ष 2018 को एक छात्र (6) अपने दोस्तों के साथ स्कूल से घर जा रहा था, तो अभियुक्त देवेंद्र उर्फ दीपू निवासी बांजबगड़, घाट उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ कुकृत्य किया।

पीड़ित के पिता को जब इसका पता तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस चौकी घाट में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने पोक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया और पीड़ित बच्चे को सीएचसी घाट में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल गोपेश्वर रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित बच्चे के कपड़े जांच के लिए भेजे तो आरोपी दोषी मिला। न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त देवेंद्र उर्फ दीपू को दस वर्ष के कठोर कारावास के साथ ही चालीस हजार रुपये अर्थदंड लगाया। अर्थदंड जमा न करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा से भी दंडित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पोक्सो) मोहन पंत ने की। घटना के बाद से अभियुक्त न्यायिक अभिरक्षा में था।

## मरीज बढ़ते ही केंद्र ने फिर संभाली दिल्ली की कमान

**नई दिल्ली।** दो महीने सख्त निगरानी के बावजूद अचानक दिल्ली में कोरोना संक्रमित मरीज बढ़ने के बाद केंद्र ने एक बार फिर कमान संभाल ली है। गृह मंत्रालय के साथ भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों की बैठकें शुरू हो चुकी हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल के साथ भी बैठकों का दौर चल रहा है। बृहस्पतिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि दिल्ली में कोरोना के मामलों में वृद्धि हो रही है। इससे पहले भी राजधानी के सभी 11 जिले लंबे समय तक रेड जोन में रहे, जिसके चलते केंद्र की टीमों को कमान संभालनी पड़ी थी। इसका फायदा भी हुआ। प्रतिदिन तीन गुना से ज्यादा जांच की जाने लगीं और संक्रमण भी कम हुआ, लेकिन अनलॉक के चौथे चरण में सक्रिय मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए केंद्र की ओर से लगातार राज्य सरकार के साथ बैठकें हो रही हैं। दरअसल, दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज को मिले छह माह पूरे हो चुके हैं। 24 मार्च को लॉकडाउन लगने के बाद जहां राष्ट्रीय स्तर पर मरीजों के बढ़ने की तादाद मंद दिखाई दी, वहीं दिल्ली में इसका कोई असर दिखाई नहीं दिया। दो महीने पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की निगरानी में केंद्र और दिल्ली सरकार ने जब मिलकर निगरानी शुरू की तो महज एक सप्ताह बाद ही मरीजों की संख्या में भारी कमी आने लगी, परंतु बीते एक सप्ताह की स्थिति पर गौर करें तो पांच से छह दिन में मरीजों की संख्या दोगुना तक पहुंच गई है।

## मासूम बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता गिरफ्तार

**ठियोग (रामपुर बुशहर)** नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता के खिलाफ ठियोग थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित बच्ची की मां की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। आरोपी मजदूरी का काम करता है और वह 9 साल की बेटी और एक छोटे बेटे के साथ रहता है। आरोपी पिछले कुछ समय से बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। खुद पीड़ित बच्ची ने पुलिस के समक्ष इस बात का खुलासा किया है। वह रायबरेली का रहने वाला है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रमा कंवर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे टीम के साथ थाने पहुंचे और प्रभारी से मामले से जुड़े दस्तावेज लेकर कार्रवाई की जा रही है। उधर, डीएसपी ठियोग कुलविंद्र सिंह ने बताया कि मासूम बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में पिता को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध आईपीसी की धारा 376 एवं पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## पूर्व विधायक बंबर ठाकुर की पत्नी पर केस दर्ज

**बिलासपुर**, कोरोना पॉजिटिव आने के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा करने और कोरोना नियम तोड़ने पर कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर की पत्नी के खिलाफ पुलिस ने सदर थाने में मामला दर्ज कर लिया है। 28 अगस्त को भावना ठाकुर की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके बाद उसे स्वास्थ्य विभाग ने आईसोलेट कर दिया, लेकिन 29 अगस्त शनिवार को आईसोलेशन नियम दरकिनार कर भावना जिला अस्पताल की आपात ओपीडी में पहुंच गईं और कोरोना रिपोर्ट को गलत बताते हुए जमकर हंगामा किया। उस दौरान ओपीडी के बाहर इलाज के लिए 50 से ज्यादा गर्भवती महिलाएं खड़ीं थीं। महिला के हंगामे के तुरंत बाद अस्पताल प्रबंधन ने दावा किया था कि उन्होंने इसकी शिकायत एसपी को भेज दी है। एसपी बिलासपुर को शिकायत बुधवार को प्राप्त हुई। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की छानबीन की और सदर थाना प्रभारी को केस दर्ज करने के आदेश दिए। एसपी बिलासपुर दिवाकर शर्मा ने इसकी पुष्टि की।




## ज्यादातर कंपनियों को नहीं मिलेगा लोन रिस्ट्रक्चरिंग का फायदा, जानिए क्यों




मुंबई

कोरोना काल में वित्तीय संकट से जूझ रही कंपनियों के लिए आरबीआई (फ्डक) कॉरपोरेट लोन रिस्ट्रक्चरिंग योजना लेकर आया है। लेकिन केंद्रीय बैंक ने इसके लिए जो शर्तें रखी हैं, उससे अधिकांश कंपनियों को इसका फायदा मिलने की उम्मीद नहीं है। बैंकरों का कहना है कि केवल 2–3 लाख करोड़ रुपये के कर्ज ही इसके लिए क्वालीफाई होंगे। यानी उन कंपनियों को इसका फायदा नहीं मिल पाएगा जिन्होंने कोरोना संक्रमण से पहले किस्त के भुगतान में चूक की थी। आरबीआई ने इसके लिए मानक तैयार करने के वास्ते के वी कामत की अगुवाई में एक समिति का गठन किया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और इस रिपोर्ट के जारी होने के बाद बैंक इसे अपने बोर्ड में रखेंगे। बैंकरों का कहना है कि जिन कंपनियों का मार्च 2020 से पहले किस्त के भुगतान में ढीला रवैया रहा था, उन्हें इसका फायदा नहीं मिलेगा। अगर उनके खाते एनपीए घोषित नहीं किए गए हैं, तब भी वे इस सुविधा से वंचित रहेंगी। बैंकरों का कहना है कि रिस्ट्रक्चरिंग स्कीम के लिए केवल 2–3 फीसदी बैंक लोन ही क्वालीफाई होगा।

**फ्रेमवर्क के लिए शर्तें**

इंडिया रेटिंग्स के मुताबिक 7.7 फीसदी बैंक लोन (8.4 लाख करोड़ रुपये) के रिस्ट्रक्चरिंग की जरूरत है जिसमें से नॉन–कॉरपोरेट लोन केवल 1.9 फीसदी है। उसका साथ ही कहना है कि पुनर्गठन नहीं होने पर 5 लाख करोड़ रुपये के लोन के एनपीए बनने की आशंका है। आरबीआई ने कोविड रिजॉल्यूशन फ्रेमवर्क और एक्सपर्ट कमेटी के गठन के बारे में एक सर्कुलर जारी किया था। इसके मुताबिक केवल उन्हीं कर्जदारों को इसका पात्र माना जाएगा जिनका अकाउंट 1 मार्च, 2020 को स्टैंडर्ड श्रेणी में है और उन्होंने भुगतान में 30 दिन से अधिक की चूक नहीं की है।


## हर पल टाईम्स व हरपल टीवी न्यूज

क्राईम द मोस्ट वांटेड व क्राईम इंन्वेस्टिगेशन न्यूज देश के सभी जग- हों पर हमारी खास न्यूज बतायी जा रही है अगर आपको, मोबाईल और लेपटॉप, पर देखनी हो तो www.harpaltvnews.com1 टाइप करके देखिये या crimeinvestigationharpaltv.com टाईप करके सभी खबरें देख सकते हैं, अगर आपको हमसे संपर्क करना है तो हमारा नंबर है ७४९८५३५२८६ अगर आपको खबर भेजना है तो ईमेल करें :
Email-harpaltimes.press@gmail.com

**कम से कम फीस में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की टेनिंग दी जा रही है..**
**सपर्क करें: ७०२१४२५४४२**



**मालक, मुद्रक, प्रकाशक वसीम जे. खान ने शिरनाजी प्रिंट, एम.एल. कॅम्प, चेंबूर, मुंबई -४० ००८९ से छपवाकर, प्लॉट नं. २५ डी/ १. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४ ० ० ०४३ से प्रकाशित किया। संपादकः वसीम जे. खान. RNI NO:- MAHHIN/2011/24374**
**Email--harpaltimes.press@gmail.com 074985 35286 (सभी विवाद निपटारे के लिए न्यायक्षेत्र मुंबई, महाराष्ट्र होगा।)**